


सांध्य दैनिक
# 4PM
जिद...सच की

www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_SanjayS | YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 11 ● अंकः 08 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, शनिवार, 8 फरवरी, 2025

मूल्य ₹ 3/-




विनर्स वो नहीं होते जो कभी फेल नहीं होते, बल्कि वो होते हैं जो कभी हार नहीं मानते।
–अर्नाल्ड श्वाजेनेगर


विराट कोहली की वापसी पर... 7 | महाराष्ट्र में फिर निकला सियासी... 3 | विराट कोहली की वापसी पर भाजपा... 2




## आप को दिल्ली में झटका

# बीजेपी की सत्ता में वापसी

**27** साल बाद भाजपा का दिल्ली वनवास खत्म

**रुझान व परिणाम**

| | |
|---|---|
| कुल सीटें | 70 |
| भाजपा | 48 |
| आप | 22 |
| कांग्रेस | 00 |

# केजरीवाल-सिसोदिया हारे, आतिशी ने बचाई लाज

» कांग्रेस ने राह पकड़ी पर मंजिल अभी दूर, आप के कई दिग्गज हुए धराशायी

» प्रवेश वर्मा जीते, रमेश विधुड़ी, अलका व सौरभ भारद्वाज को मिली हार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आने लगे हैं। रुझानों व परिणाम में आप को पीछे करके भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। आप को सबसे बड़ा झटका उसके दोनों शीर्ष नेताओं की हार से मिली है। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया अपना चुनाव हार गए हैं। दिल्ली में भाजपा का 27 साल का वनवास खत्म हो गया है।

दिल्ली की कई सीटों का रिजल्ट आ चुका है, जिसमें भाजपा उम्मीदवारों ने आप के महारथियों धूल चटा दी है। भाजपा 47 सीटों पर आगे चल रही है,वहीं आप 23 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है, दिल्ली के रुझानों पर भाजपा खेमे में खुशी की लहर है। शाम 7.30 बजे पीएम मोदी भाजपा मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। वहीं यूपी के मिल्कीपुर से भाजपा ने सपा को हराकर वह सीट छीन ली है। नई दिल्ली से केजरीवाल को प्रवेश वर्मा ने वहीं जंगपुरा से पूर्व डिप्टी सीएम सिसोदिया को तरविंदर सिंह ने हरा दिया है। आप के लिए अच्छी बात ये हुई हैं कालकाजी से सीएम आतिशी ने बीजेपी के रमेश बिधूड़ी व कांग्रेस के अलका लंबा को हरा दिया। सीएम आतिशी ने बीजेपी उम्मीदवार को करीब 4 हजार वोटों से हराया।

## जनता ने झूठ, धोखे और भ्रष्टाचार के शीशमहल को नेस्तनाबूत किया : शाह

गृह मंत्री अमित शाह का ट्वीट सामने आया है। शाह ने एक्स पर लिखा कि दिल्ली के दिल में मोदी। दिल्ली की जनता ने झूठ, धोखे और भ्रष्टाचार के 'शीशमहल' को नेस्तनाबूत कर दिल्ली को आप-दा मुक्त करने का काम किया है। दिल्ली ने वादाखिलाफी करने वालों को ऐसा सबक सिखाया है, जो देशभर में जनता के साथ झूठे वादे करने वालों के लिए मिसाल बनेगा। यह दिल्ली में विकास और विश्वास के एक नए युग का आरंभ है। अमित शाह ने कहा कि दिल्ली में झूठ के शासन का अंत हुआ है... यह अहंकार और अराजकता की हार है। यह 'मोदी की गारंटी' और मोदी जी के विकास के विजन पर दिल्लीवासियों के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि इस प्रचंड जनादेश के लिए दिल्ली की जनता का दिल से आभार। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा अपने सभी वादे पूरे कर दिल्ली को विश्व की नंबर 1 राजधानी बनाने के लिए संकल्पित है। दिल्लीवासियों ने बता दिया कि जनता को बार-बार झूठे वादों से गुमराह नहीं किया जा सकता।



### अमित शाह से मिले प्रवेश वर्मा



दिल्ली चुनाव में नई दिल्ली विधानसभा सीट से बीजेपी के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा चुनाव जीत गए हैं। वर्मा अब केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मिलने पहुंचे हैं। प्रवेश वर्मा ने इस चुनाव में आप के सीएम का चेहरा माने जा रहे है अरविंद केजरीवाल को हराया है। इस मायने में प्रवेश वर्मा की जीत काफी अहम मानी जा रही है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि केजरीवाल को हराने के बाद प्रवेश वर्मा सीएम पद के प्रबल दावेदारों में शामिल हो गए हैं। वैसे भी नई दिल्ली सीट का इतिहास रहा है कि इस सीट से चुनाव जीतने वाले सीएम बनता है। शीला दीक्षित, अरविंद केजरीवाल इस सीट से चुनाव जीत चुके हैं।





## सिसोदिया को तरविंदर सिंह मारवाह ने हराया



मनीष सिसोदिया को बीजेपी प्रत्याशी तरविंदर सिंह मारवाह ने 600 वोट से हराया। मरवाह को राजनीति का लंबा अनुभव है। वह तीन बार के विधायक रहे हैं। उन्होंने पहली बार 1998 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीता था। इसके बाद उन्होंने 2003 और 2008 में फिर से जीत दर्ज की।

## हमें और मेहनत करनी होगी : प्रियंका गांधी



दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर वायनाड की कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा,यह रिजल्ट आने ही थे, हर मीटिंग से यह साफ हो रहा था कि लोग बदलाव चाहते थे। उन्होंने बदलाव के लिए वोट किया, जहां तक कांग्रेस की बात है तो हमें और मेहनत करनी होगी।


## प्रवेश वर्मा से 1200 वोट से चुनाव हारे केजरीवाल



राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री पद का चेहरा रहे अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा सीट से 1200 वोट से चुनाव हार गए हैं। केजरीवाल को बीजेपी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने हराया। कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित तीसरे स्थान पर रहे।

## पार्टी कार्यकर्ताओं ने अच्छी लड़ाई लड़ी : सिसोदिया

मनीष सिसोदिया ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने अच्छी लड़ाई लड़ी, हम सभी ने कड़ी मेहनत की। लोगों ने भी हमारा समर्थन किया। लेकिन, मैं 600 वोटों से हार गया। मैं जीतने वाले उम्मीदवार को बधाई देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वह निर्वाचन क्षेत्र के लिए काम करेंगे।



## केजरीवाल के घर आप नेताओं के आने का सिलसिला जारी

अरविंद केजरीवाल के घर नेताओं के आने का सिलसिला जारी है। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया थोड़ी देर पहले केजरीवाल के घर पहुंचे, उससे पहले पंजाब विधानसभा के कुलतार सिंह भी केजरीवाल के घर पहुंचे थे।

# भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर रही: अखिलेश यादव

» पीडीए 2027 में बीजेपी को सत्ता से बाहर करेगा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर दलितों और आदिवासियों को निशाना बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पीडीए समुदाय (पिछड़ा वर्ग, दलित और अल्पसंख्यक) 2027 के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता से बाहर कर देगा।

अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा मतदाताओं को दबाने के लिए सत्ता का दुरुपयोग कर रही है और डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान द्वारा दिए अधिकारों को छीन रही है। उन्होंने कहा, भाजपा सीओ (मंडल अधिकारी) और एसओ (थाना प्रभारी) जैसे पदों पर पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) लोगों की नियुक्ति रोक रही है। पीडीए 2027 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए एकजुट होगा। अखिलेश ने भाजपा पर चुनावों में हेराफेरी करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने मिल्कीपुर उपचुनाव का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि वहां मृतकों के नाम पर वोट डाले गए और फर्जी मतदान हुआ। उन्होंने निर्वाचन आयोग से जांच की मांग की और उस पर शिकायतों पर कार्वाई करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

## सरकार की विफलता नागरिकों को अवैध रूप से देश छोड़ने के लिए मजबूर कर रही

यादव ने आर्थिक सुधारों और उन्नति को लेकर भाजपा के दावों की आलोचना करते हुए कहा कि रोजगार के अवसर प्रदान करने में सरकार की विफलता नागरिकों को अवैध रूप से देश छोड़ने के लिए मजबूर कर रही है। उन्होंने अमेरिका द्वारा भारतीय प्रवासियों के साथ अमानवीय व्यवहार और इस मुद्दे पर सरकार की चुप्पी की भी निंदा की।



## सपा कार्यकर्ताओं का किया जा रहा उत्पीड़न

यूपी के अयोध्या में शुक्रवार को सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने प्रेसवार्ता कर पुलिस पर आरोप लगाए। मतदान के दिन भाजपा कार्यकर्ता की पिटाई के आरोप में आठ सपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ खंडासा थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। मिल्कीपुर सीट के लिए पांच फरवरी को मतदान संपन्न हुआ। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि खंडासा पुलिस हमारे सपा कार्यकर्ताओं को पकड़कर जंगल में ले गई। गाड़ी में शराब की बोतल रखी और फोटो खींचा। सपा कार्यकर्ताओं के हाथ के नाखून निकालने की कोशिश की गई। उनको लाठियों से पीटा गया। कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं ने कहा कि हमें चाहे गोली मार दो लेकिन हम अखिलेशवादी रहेंगे, अवधेश वादी रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न हो रहा है। जबकि भाजपा कार्यकर्ता भखौली बूथ पर बूथ कैप्चरिंग कर रहा था। इसको रोकने के लिए सपा कार्यकर्ता आगे आए थे। उसके बाद सपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। अयोध्या पुलिस एकतरफा कार्रवाई कर रही है।

# महाकुंभ में मरने वालों की सूची जारी हो: अजय राय

» कांग्रेस ने सरकार को घेरा बोले- अपने ही उप निरीक्षक की मौत को सरकार नकार रही

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने योगी सरकार पर जोरदार हमला किया है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मृत्यु सरकार ने मानी है। उसी दिन पुलिस निरीक्षक अंजनी कुमार रॉय की मौत हुई है। इस मौत को पुलिस नकार रही है। कुंभ मेला पुलिस ने पांच फरवरी को ट्वीट किया था। इसमें मौत की वजह भगदड़ नहीं बल्कि दूसरी वजह बताई है। सवाल यह है कि अपने ही उप निरीक्षक की मौत को सरकार क्यों नकार रही है।

पुलिस की डायरी में 29 को सुबह 12.30 बजे दर्ज किया है कि उनकी ड्यूटी महाकुंभ में थी और मौत की बात लिखी गई है। जब सरकार अपने ही उप निरीक्षक की मौत को दबा रही है तो आम आदमी का अंदाजा लगाया जा सकता है। इससे स्पष्ट है कि महाकुंभ में बड़ी संख्या में मौत हुई है। सरकार सूची जारी करे। अपने ही उप निरीक्षक की मौत को सरकार क्यों नकार रही उन्होंने कहा कि उप निरीक्षक की मौत पर कोई अधिकारी मौके पर नहीं गया। जब पांच को मै वहां पहुंचा तो छह को एस पी मौके पर पहुंचे। यह सरकार की संवेदनहीनता है। जब सरकार अपनी पुलिस को लेकर गंभीर नहीं है तो अन्य का अंदाजा लगाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि 2019 में कुंभ का बजट 1300 करोड़ था जो अब 7500 करोड़ कर दिया गया। खास बात यह है कि भगदड़ के बाद एक भी टोल फ्री नंबर जारी नहीं किया गया। कुंभ में लापता, घायलों की कोई सूची जारी नहीं की गई है।

## अमेरिका से लाए गए लोगों के साथ की गई अमानवीयता

उन्होंने कहा कि अमेरिका से लाए गए लोगों के साथ अमानवीयता की गई है। लोगो को खाने के लिए बेड़ियां नहीं खोली गई। भारत के लोग पूरी दुनिया में हैं लेकिन आज सब अपमान महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोलंबिया की सरकार ने अपने नागरिकों को सम्मान बुलाया लेकिन भारत के पीएम यह नहीं कर पाए। भारत के लोग जिस तरह से लाएं गए यह सिर्फ उनका अपमान नहीं है। बल्कि पूरे देश की जनता का अपमान है। अमेरिका की एजेंसी ने खुद फोटो जारी किया है। हम इसकी निंदा करते हैं। दिल्ली चुनाव पर उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी शून्य से आगे बढ़ रहे हैं। जनता हमारे साथ है। इस दौरान प्रवक्ता मनीष हिंदवी, पुनीत पाठक भी मौजूद रहे।

# रात नौ बजे कोर्ट में हाजिर हुए झारखंड के स्वास्थ्य विभाग के मुखिया अजय सिंह

» अदालत ने जारी कर दिया गैर जमानती वारंट

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने एक अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के खिलाफ जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया। ऐसे में उन्हें रात नौ बजे हाजिर होकर बताना पड़ा कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन कर दिया गया है। इसके बाद हाईकोर्ट ने अवमानना से संबंधित मामले को निष्पादित कर दिया।

अवमानना याचिका हजारीबाग के पूर्व सिविल सर्जन डॉ. दीनानाथ पांडेय ने दायर की थी। उन्होंने याचिका में कहा था कि उनकी पेंशन के भुगतान से संबंधित मामले में कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया गया है। इस याचिका पर पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को शुक्रवार को हाजिर होने का आदेश दिया था, लेकिन वह हाजिर नहीं हुए। अपर मुख्य सचिव की ओर से हाई कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर उपस्थिति से छूट मांगी गई थी। आवेदन में कहा गया था कि वह अवकाश पर हैं, इसलिए कोर्ट में उपस्थित नहीं हो सकते हैं। लेकिन कोर्ट ने उनके आवेदन को खारिज कर दिया। शाम चार बजे डीजीपी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अपर मुख्य सचिव झारखंड से बाहर हैं और वह रात 8.30 बजे फ्लाइट से रांची लौटेंगे। इस पर न्यायाधीश ने उन्हें रात नौ बजे कोर्ट में पेश करने को कहा। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अदालत में उपस्थित हुए।

## खिलवाड़ की इजाजत किसी को नहीं

जस्टिस आनंद सेन की पीठ ने कहा कि आदेश के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती है। इसे गंभीर मामला बताते हुए कोर्ट ने उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी करते हुए राज्य के डीजीपी को आदेश दिया कि उन्हें शाम चार बजे तक कोर्ट में उपस्थित किया जाए।

# मैं और मेरी मां महबूबा नजरबंद: इल्तिजा

» दरवाजों पर तालों की पोस्ट की तस्वीरें

» एनसी सरकार से पूछा था- मुंह में दही क्यों जमा रखा है

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने दावा किया है कि उन्हें और उनकी मां को नजरबंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने उनके दरवाजों पर ताले लगा दिए हैं। इल्तिजा ने सोशल मीडिया एक्स पर घर के बंद दरवाजों पर लगे तालों की फोटो शेयर की है।



इल्तिजा ने हाउस अरेस्ट का दावा करते हुए लिखा- चुनाव के बाद भी कश्मीर में कुछ नहीं बदला। अब पीड़ितों के परिवारों को सांत्वना देना भी अपराध माना जा रहा है। महबूबा (पीडीपी चीफ) सोपोर में वसीम मीर के परिवार से मिलने जाने वाली थीं। आरोप है कि सेना ने वसीम मीर की हत्या की है। वहीं, इल्तिजा माखन दीन के परिवार से मिलने के लिए कठुआ जाने वाली थीं।मेरी मां और मुझे दोनों को नजरबंद कर दिया है। हमारे दरवाजे बंद कर दिए गए हैं, क्योंकि वे सोपोर जाने वाली थीं, जहां वसीम मीर की सेना ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मैं आज माखन दीन के परिवार से मिलने कठुआ जाने वाली थी। मुझे बाहर निकलने की भी परमिशन नहीं दी जा रही है। महबूबा मुफ्ती ने एक पोस्ट में लिखा था- पेरोडी के रहने वाले 25 साल के माखन दीन को बिलावर के एसएचओ ने ओवर ग्राउंड वर्करहोने के झूठे आरोप में हिरासत में लिया। उसे बुरी तरह पीटा, यातना दी। जबरन कबूलनामा करवाया, जिससे उसकी मौत हो गई। इलाका सील है। इंटरनेट बंद है। इससे लोगों में दहशत है।उन्होंने बताया- लगातार कार्रवाई हो रही है। लोग हिरासत में लिए जा रहे हैं। यह घटना बेगुनाह युवकों को झूठे आरोप में फंसाने के परेशान करने वाले पैटर्न का ही हिस्सा लग रही है। इल्तिजा ने भी एक बयान में कहा था- कुलगाम, बडगाम, गांदरबल में छोटे लड़कों को उठाया जा रहा है। मैं सरकार से पूछना चाहती हूं कि क्या वे सभी आतंकवादी हैं। सभी को शक की नजर से क्यों देख रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि एक भी मंत्री ने इस बारे में कोई बयान नहीं दिया। क्या आपके मुंह में दही जमा है?




# 10 से पश्चिम बंगाल का बजट सत्र

» 19 फरवरी तक चलेगा सदन, टीएमसी सरकार पेश करेगी आम जन का बजट

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा का बजट सत्र 10 फरवरी को राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। पश्चिम बंगाल का बजट 12 फरवरी को वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य द्वारा पेश किया जाएगा। इस बार का बजट सत्र 19 फरवरी तक चलने की संभावना है।

विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने कहा कि बजट सत्र 10 फरवरी से शुरू होगा। 10 तारीख को दोपहर दो बजे राज्यपाल के अभिभाषण के साथ इसकी शुरुआत होगी। 11 तारीख को दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर चर्चा होगी। उस दिन उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। वहीं 12 फरवरी को शाम 4 बजे बजट पेश किया जाएगा और उसी दिन वर्ष 2024-25 के लिए बंगाल सरकार का अनुपूरक बजट भी होगा। उन्होंने कहा कि 13 तारीख को सरकारी आंकड़ों पर चार घंटे की चर्चा होगी और 17 तारीख को सरकारी आंकड़ों पर तीन घंटे की चर्चा होगी। 13 तारीख को प्रश्नकाल नहीं होगा जबकि 17 तारीख को प्रश्नकाल होगा।

18 तारीख को चार घंटे की सामान्य चर्चा होगी, उस दिन भी प्रश्नकाल नहीं होगा। सत्र के अंतिम दिन 19 फरवरी को प्रश्नकाल होगा और तीन घंटे की आम बजट चर्चा और सभी विभागों के संबंध में जनता के लिए प्रस्ताव पेश किए जाएंगे। बजट सत्र का यह कार्यक्रम शुक्रवार को बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में तय किया गया है।

इसके अलावा हमारा दूसरे चरण का सत्र भी होगा, जो 10 मार्च से 20 मार्च तक चलेगा। इस दौरान जो भी मांगें होंगी उन्हें सदन के पटल पर रखा जाएगा।



# महाराष्ट्र में फिर निकला सियासी दल-बदली का जिन्न!

## राउत व सुप्रिया ने राहुल के साथ खोला मोर्चा

## शिवसेना ने उद्धव गुट के कई सासंदों पर लगाया पाला बदलने का आरोप

### » कांग्रेस ने विस चुनाव पर उठाए एकबार फिर सवाल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। महाराष्ट्र को लेकर एकबार फिर मुंबई से लेकर दिल्ली तक संग्राम मच गया है। वहां पर फिर सियासी दल-बदली होने की खबरें आने लगी है। एक तरफ जहां महाराष्ट्र में शिवसेना के नेता नरेश म्हस्के का ये बयान कि यूबीटी शिव सेना के छह सांसद एकनाथ शिंदे के साथ आज जाएगा आग लगा रहा है तो दूसरी कांग्रेस के दिग्गज नेता व सांसद राहुल गांधी ने विधानसभा चुनावों हुई धांधली की बात रखकर हंगामा मचा दिया है।

सबसे बड़ी बात ये है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को एनसीपी शरद पवार गुट, शिवसेना यूबीटी का साथ मिलगया है। इन सबके बीच भाजपा ने विपक्ष पर हमला करते हुए इन सब बातों को बकवास बताया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, संजय राउत और सुप्रिया सुले ने चुनाव आयोग पर हमला बोला है। इन नेताओं ने महाराष्ट्र चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए आयोग से जवाब मांगा है। राहुल गांधी न कहा कि महाराष्ट्र में 2019 के बाद पांच साल में 32 लाख वोटर जोड़े गए थे। मगर लोकसभा 2024 और विधानसभा चुनाव के बीच 39 लाख वोटर जोड़े गए। पांच महीने में इतने ज्यादा वोटर कैसे जुड़ गए। हिमाचल प्रदेश जैसे राज्य में जितने कुल वोटर हैं, उतने महाराष्ट्र में पांच महीने के भीतर ही जुड़ गए। ये वोटर कहां से आए? राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग ने कहा है कि हम तथ्यों साथ लिखित में जवाब देंगे। चुनाव आयोग ने कहा है पूरे देश में एक समान प्रक्रिया का पालन किया जाता है।



### महाराष्ट्र पैटर्न दिल्ली में सामने आया : संजय राउत

नेता शिवसेना यूबीटी संजय राउत ने कहा किअब ये वोट कहां से जोड़े गए और वोटर दिल्ली में आए हैं। अब ये वोटर बिहार जाएंगे। इसके बाद यूपी चले जाएंगे। देश के लोकतंत्र के लिए इस सवाल का जवाब जरूरी है। महाराष्ट्र पैटर्न दिल्ली में सामने आया है। उत्तम जानकार जी सोलापुर में जीते हैं, लेकिन उनको जो वोट मिली है। उससे वह संतुष्ट नहीं है। वह फिर से चुनाव चाहते हैं।

### अफवाह फैला रहा है शिंदे गुट : अरविंद सावंत

महाराष्ट्र में दलबदल की चर्चा के बीच शिवसेना नेता नरेश महास्के ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि बाला साहेब की विचारधारा वाले शिंदे सेना से जुड़ रहे हैं। इस बीच शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि पार्टी के सभी सांसद उद्धव ठाकरे के साथ हैं। उद्धव ठाकरे के पास लोकसभा में कुल 9 सांसद हैं। इनमें अरविंद सावंत भी शामिल हैं। पार्टी में टूट के लिए के कम



से कम छह सांसदों का एक साथ अलग होना जरूरी है। ऐसी स्थिति में उनकी सदस्यता बचेगा और उन्हें अलग गुट के तौर पर मान्यता मिलेगी।

### खेला की अटकलों के बीच आए राहुल

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव नतीजे घोषित होने के बाद यह पहला मौका है जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एमवीए (महाविकास आघाड़ी) के नेताओं के साथ कोई प्रेस कांफ्रेंस की है। राहुल गांधी लोकसभा में पूरे विपक्ष की अगुवाई करते हैं। इंडिया अलायंस ने लोकसभा चुनावों के बाद उन्हें विपक्ष का नेता स्वीकार किया था। महाराष्ट्र में एमवीए को जहां लोकसभा चुनावों में जीत मिली थी तो वहीं पांच महीने बाद हुए विधानसभा चुनावों में करारी हार मिली है। एमवीए में शामिल कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी (शरद पवार) में किसी को नेता विपक्ष के जरूरी सीटें नहीं मिली हैं।

### महाराष्ट्र में नहीं मिल रही वोटर लिस्ट : राहुल गांधी

महाराष्ट्र में व्यस्कों की आबादी 9.54 करोड़ हैं। महाराष्ट्र में वोटरों की आबादी राज्य की जनसंख्या से अधिक कैसे हो गई। वोटर लिस्ट में खामी पाई गई। हम चुनाव आयोग से लोकसभा और विधानसभा चुनाव के अलग-अलग फोटो वोटर लिस्ट चाहते हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि दलित और अल्पसंख्यकों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए।चुनाव आयोग हमारी शिकायतों पर रिस्पॉन्स नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के तीन विपक्षी दल आयोग से पारदर्शिता की अपेक्षा करता है। हमने अटकलों पर कोई बात नहीं है। हमने फैक्ट पर बात कही है। हिमाचल जितने जितने वोटर जोड़े गए हैं। फ्रैक्चुअल गड़बड़ियां सामने आई हैं। एमवीए के वोट वहीं हैं बीजेपी 90 फीसदी स्ट्राइक रेट से जीत रही है। चुनाव आयोग सर्वोच्च संस्था है। हम उनसे जवाब मांग रहे हैं। संसद में मैंने भाषण के दौरान कहा था कि महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट पर सवाल उठे हैं। पांच साल में जितने वोटर जुड़े थे। उससे ज्यादा वोटर पांच महीने में जोड़े गए। पांच साल में 35 लाख वोटर जोड़े गए थे। लोकसभा चुनावों के बाद 39 लाख वोटर जोड़े गए। ये वोटर कहां थे और कहां से आए।


### सुप्रिया और राउत भाजपा पर बरसे



राहुल गांधी के साथ सुप्रिया सुले और संजय राउत ने भी चुनाव आयोग पर निशाना साधा। राउत ने कहा हम आयोग से कहेंगे कि आप उठिए और कफ्न से बाहर निकलिए। ये 32 ढ्ढ्ढ्ढ लाख वोटर्स अब बिहार में जाएंगे, फिर यूपी जाएंगे। ये अब एक पैटर्न बन चुका है। उन्होंने कहा कि अगर इस देश का चुनाव आयोग जिंदा है, मारा नहीं है तो आयोग को राहुल गांधी के इन सवालों का जवाब देना चाइए। ये बीजेपी का गुलाम हो गया। हम आयोग के सामने सर फोड़ चुके हैं। सुप्रिया सुले ने कहा कि हमारे ऊपर कई तरह से अटैक हो रहा है।

### बैलट पेपर पर चुनाव हो : मोहिले

सांसद धैर्यशील मोहिले जी की मांग है बैलट पेपर पर चुनाव हो। राज ठाकरे ने भी इसका उल्लेख किया है। हम वहां खूब लड़े हैं। पार्टी तोड़ी गई। हमारे नए सिंबल से मिलता-जुलता सिंबल दूसरे को दिया गया। हमारी आपत्ति के बाद भी उस चुनाव चिन्ह को नहीं हटाया। इसलिए एनसीपी सतारा की सीट हारे।



### शिंदे गुट ने किया बड़ा दावा- उद्धव खेमे के 6 सांसद बदलेंगे पाला

महाराष्ट्र में एक बार फिर बड़ा सियासी भूचाल शुरू हो गया है। शिवसेना यूबीटी के छह सांसद उद्धव ठाकरे का साथ छोड़कर एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो सकते हैं। इसकी चर्चा जोरों पर है। शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने कहा कि पूरा यूबीटी ख़त्म होने वाला है। महाराष्ट्र में यूबीटी के विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व पार्षद, पदाधिकारी सभी पार्टी छोड़कर शिवसेना में शामिल हो रहे हैं। अब संजय राउत, आदित्य ठाकरे और उद्धव ठाकरे के अलावा कोई भी उनके साथ नहीं रहने वाला है। बीजेपी सांसद योगेंदर चंदोलिया ने कहा कि असली शिव सेना एकनाथ शिंदे की, बाला साहेब ठाकरे की शिव सेना है। उनके लोगों (शिवसेना यूबीटी) को लगा होगा कि उद्धव ठाकरे ने बाला साहेब के अरमानों पर पानी फेर दिया है। धन के लालच में उसने अपने पिता के धर्म को पाप में बदल दिया। अंत में, उद्धव ठाकरे अकेले पड़ जाएंगे और उनकी पार्टी के सभी सदस्य असली शिवसेना में शामिल हो जाएंगे। कहा जा रहा है कि ठाकरे के 6 सांसद जल्द ही शिवसेना शिंदे गुट में शामिल होंगे। ऑपरेशन टाइगर के लिए शिवसेना ने तैयारी लगभग पूरी कर ली है। फिलहाल लोकसभा में ठाकरे के 9 सांसद हैं। समझा जाता है कि इनमें से 6 शिंदे गुट में शामिल हो सकते हैं। कई सांसद अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं क्योंकि अगले 5 साल के लिए महायुति की मजबूत सरकार है। सांसदों को मुख्यतः फंडिंग प्राप्त करने में कठिनाई होती है। उन्हे केंद्र और राज्य दोनों जगह गठबंधन सरकार होने का फायदा है। पार्टी और चुनाव चिन्ह का मुद्दा गौण हो गया है. मुख्य कारण यह है कि शिवसेना ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में चुनाव लड़ा और लोगों ने उन्हें स्वीकार किया।

## राहुल गांधी के आरोपों पर देवेन्द्र फडणवीस का पलटवार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों को लेकर महाराष्ट्र के सीएम देवेन्द्र फडणवीस ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने सभी सवालों का बेबाकी से जवाब दिया है। उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि राहुल गांधी कवर फायर कर रहे है क्योंकि उन्हें पता है कि 8 फरवरी के दिल्ली चुनाव नतीजों के बाद उनकी पार्टी दिल्ली में कहीं नहीं रहेगी और इसलिए उस दिन वह क्या बोलेंगे, कैसे नया नैरेटिव गढ़ेंगे, वह उसी के लिए अभ्यास कर रहे हैं। देवेंद्र फडणवीस ने आगे कहा कि यदि राहुल गांधी आत्मनिरीक्षण नहीं करेंगे और झूठ से खुद को सांत्वना देते रहेंगे - तो उनकी पार्टी का पुनरुद्धार संभव नहीं है। राहुल गांधी को अपनी हार का आत्ममंथन करना चाहिए। इससे पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत और एनसीपी-एससीपी सांसद सुप्रिया सुले ने दिल्ली में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा कि हम इस टेबल पर पूरे विपक्ष का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने महाराष्ट्र में पिछला चुनाव लड़ा था। हम चुनाव के बारे में कुछ जानकारी लेकर आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हमने मतदाताओं और मतदान सूची के विवरण का अध्ययन किया। हमारी टीमें काम कर रही हैं और हमें कई अनियमितताएं मिली हैं। इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री



देवेन्द्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को पुलिस को निर्देश दिया कि वह उद्योगों को परेशान और धमकाने वाले लोगों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) लगाने जैसी सख्त कार्रवाई करे, चाहे वे किसी भी पार्टी से जुड़े हों। उन्होंने कहा कि वैश्विक कंपनियों के साथ राज्य के जुड़ाव और राज्य में निवेश के प्रवाह को देखते हुए उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल बनाना आवश्यक है। पुणे के पास नये पिंपरी चिंचवड़ पुलिस आयुक्तालय के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए फडणवीस ने यह भी कहा कि राज्य भर में सभी राजनीतिक दलों द्वारा अवैध रूप से होर्डिंग लगाए जा रहे हैं और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ऐसे होर्डिंग पर कार्रवाई करनी चाहिए, "भले ही उन पर मेरी खुद की तस्वीरें हों।गृह विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे फडणवीस ने कहा कि पुणे के आसपास के उद्योग उत्पीड़न की शिकायत कर रहे हैं।हमें समय-समय पर उद्योगों से उत्पीड़न, धमकाने और जबरन वसूली के बारे में शिकायतें मिलती हैं। इस तरह की हरकतें किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। चाहे ऐसे लोग हमारी पार्टी (भाजपा) के हों, अजित दादा (अजीत पवार) की पार्टी के हों या (एकनाथ) शिंदे साहब की पार्टी के इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। अगर कोई उद्योगों को परेशान कर रहा है, तो मकोका के तहत सख्त कार्रवाई करें। इससे कम पर समझौता न करें।



Sanjay Sharma
editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

## जिद... सच की

# दुश्मन न करे दोस्त ने जो काम किया है!

> अमेरिका की इस हरकत से देश का विपक्ष तो नाराज हुआ ही आम आदमी ने भी नाराजगी जताई। इस मुद्दे को संसद से सड़क तक आक्रोश दिखा। हालांकि सरकार ने संसद में इस पर बयान भी दिया और कहा आगे आने वाले अन्य लोगों के साथ ऐसा नहीं होने दिया जाएगा।

*दुश्मन न करे दोस्त ने जो काम किया है। आज पूरे भारत में ये गाना बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल पीएम मोदी के सबसे अजीज दोस्त अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐसा काम कर दिया जिसने 140 करोड़ भारतीयों के आत्म सम्मान को ताक पर रख दिया। उन्होंने अप्रवासी लोगों को अपने देश से भेजने के क्रम में भारत के 104 लोगों को अमानवीय तरीके जिसमें उन्होंने लोगों को हाथ व पैरों में हथकड़ी लगाकर अमेरिकी वायुसेना के विमान से अमृतसर भेजा। अमेरिका की इस हरकत से देश का विपक्ष तो नाराज हुआ ही आम आदमी ने भी नाराजगी जताई। इस मुद्दे को संसद से सड़क तक आक्रोश दिखा। हालांकि सरकार ने संसद में इस पर बयान भी दिया और कहा आगे आने वाले अन्य लोगों के साथ ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। पर अब क्या अब तो भारत की पूरी साखं मिट्टी में मिल गई जबकि कोलंबिया जैसे छोटे से देश ने अमेरिका से दो टूक कह दिया कि वह अपने नागरिकों को अपने विमान से बाइज्जत लेकर आएगा। खैर जो भी यह वाकई पूरी तरह से निंदनीय घटना है।*

*बता दें यूएस एयरफोर्स का विमान सी 17 ग्लोब मास्टर, दुनिया में अमेरिका के बाद हिंदुस्तान ही इस विशाल जहाज का सबसे बड़ा यूजर है। हमनें अरबों डॉलर देकर इसे यूएस से ही खरीदा है। जब ये आसमान में उड़ता है तो हिंदुस्तान की सैनिक शक्ति के साथ साथ अमेरिका संग उसकी घनिष्टता भी नजर आती है। लेकिन 5 फरवरी को जब ये अमृतसर के आसमान में नजर आया तो कोई इसे सिर उठाकर नहीं देखना चाहता था। कमजोर पर जोर दिखाना कितना सरल होता है। लेकिन मजबूत के आगे हमारे गले की आवाज और बोलने के संवाद में अंतर साफ नजर आता है। ये फॉर्मूला व्यक्तियों के अलावा देशों पर भी लागू होता है।आ गए ट्रम्प, छा गए ट्रम्प। ली शपथ, उधर धड़ाधड़ साइन कर दिए कई एग्जीक्यूटिव आर्डर। भारत और पीएम मोदी के पक्के दोस्त, कनाडा, बांग्लादेश, चीन जैसे हिन्दुतान को आंखें दिखाने वाले मुल्क के दुश्मन। दुनिया को टैरिफ का डर दिखाया, कई देशों से अपनी बातें मनवाई तो कईओं को अपने आगे झुकाया। जो नहीं झुके उनपर मनमाना टैक्स लगाया। सीमा पर अपनी कारगुजारियों से भारत को परेशान करने वाला चीन और उसके नेता ट्रम्प के टैरिफ वॉर से हैरान-परेशान नजर आ रहे हैं। लेकिन इस टैरिफ वॉर से भी भारत को फिलहाल रियायत मिली हुई है। मिले भी क्यों न भला, ट्रम्प तो भारत के प्रधानमंत्री के दोस्त हैं। दोनों नेताओं के रिश्तों की गर्मजोशी किसी से छुपी भी नहीं है। अब जरा सोचिए कि दो दोस्त जो आपस में एक दूसरे को माई डियर फ्रेंड कहकर ही सार्वजनिक मंचों से संबोधित करते हैं। उनमें से कोई एक दूसरे के परिवार वालों के साथ बदसलूकी करें तो रिश्तों में खटास आना और इसकी चर्चा करना भी लाजिमी है। अमेरिका ने भारतीयों को डिपोर्ट करते हुए न तो उनके अधिकारों का ध्यान रखा गया और न ही मानवीय गरिमा का।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# प्लास्टिक के खतरों से निपटने का कारगर विकल्प

डॉ. रेनू यादव

प्लास्टिक कचरा आज पर्यावरण की एक गंभीर समस्या बन चुका है, जो न केवल धरती, महासागरों और नदियों को प्रभावित कर रहा है, बल्कि हमारे भोजन और पानी में भी मिल रहा है। पारंपरिक प्लास्टिक का निर्माण पेट्रोलियम उत्पादों से होता है, जो प्रदूषण बढ़ाते हैं और सैकड़ों सालों तक नष्ट नहीं होते। इस समस्या का समाधान तलाशने के लिए वैज्ञानिक चावल-आधारित बायोप्लास्टिक की ओर देख रहे हैं, जो प्लास्टिक का टिकाऊ और पर्यावरण-मित्र विकल्प हो सकता है। चावल दुनियाभर में सबसे अधिक उगाया और खाया जाने वाला अनाज है। इसके प्रसंस्करण के दौरान बड़ी मात्रा में कृषि अवशेष, जैसे धान की भूसी और पराली, निकलते हैं।

आमतौर पर इनका कोई विशेष उपयोग नहीं होता और कई बार किसान इन्हें जलाने के लिए मजबूर हो जाते हैं, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। दिसम्बर-जनवरी के महीनों में दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है। वैज्ञानिकों ने इस कृषि कचरे का उपयोग बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक बनाने में करना सीख लिया है, जिससे न केवल कृषि कचरे का पुनर्चक्रण होता है, जो पर्यावरण के लिए फायदेमंद है, बल्कि इससे किसानों की आय भी बढ़ सकती है और उद्योगों के लिए एक नया लाभकारी अवसर उत्पन्न हो सकता है। पारंपरिक प्लास्टिक कचरे की समस्या यह है कि यह पर्यावरण में आसानी से नष्ट नहीं होता और धीरे-धीरे छोटे कणों में टूटकर माइक्रोप्लास्टिक में बदल जाता है। यही माइक्रोप्लास्टिक हमारे पानी, भोजन और यहां तक कि हवा में भी मिल चुके हैं, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। शोध बताते हैं कि हर साल लाखों टन प्लास्टिक महासागरों में पहुंच जाता है, जिससे समुद्री जीव-जंतुओं को भारी नुकसान होता है। इसके अलावा, प्लास्टिक बनाने की प्रक्रिया में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे जलवायु परिवर्तन की समस्या और गंभीर हो जाती है।

पारंपरिक प्लास्टिक की रिसाइक्लिंग भी पूरी तरह से प्रभावी नहीं है, क्योंकि अधिकांश प्लास्टिक या तो लैंडफिल में चला जाता है या जलाए जाने पर हानिकारक गैसें उत्पन्न करता है। बायोप्लास्टिक प्राकृतिक रूप से विघटित हो सकते हैं और पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाते। इन्हें जैविक स्रोतों से बनाया जाता है, जैसे मक्का,



गन्ना और अब चावल। चावल से बने बायोप्लास्टिक में मुख्य रूप से स्टार्च और सेल्यूलोज का इस्तेमाल होता है। चावल के स्टार्च को कुछ प्राकृतिक पदार्थों, जैसे ग्लिसरॉल, के साथ मिलाकर एक लचीला और टिकाऊ प्लास्टिक तैयार किया जाता है। इसके अलावा, चावल की भूसी से सेल्यूलोज निकाला जाता है, जिसे आगे की प्रक्रिया में तैयार करके मजबूत बायोप्लास्टिक बनाया जा सकता है। वैज्ञानिकों ने चावल के अवशेषों से पीएचए नामक एक जैविक पॉलिमर बनाने की तकनीक विकसित की है, जो पूरी तरह से बायोडिग्रेडेबल है। यह पारंपरिक प्लास्टिक की तरह मजबूत होता है लेकिन कुछ महीनों में ही प्राकृतिक रूप से विघटित हो जाता है। चावल-आधारित बायोप्लास्टिक का उपयोग कई उद्योगों में किया जा सकता है, जिससे यह पारंपरिक प्लास्टिक का व्यावहारिक विकल्प बन सकता है। खाद्य पैकेजिंग में, बायोप्लास्टिक से बने कंटेनर और रैपिंग मैटेरियल खाद्य उत्पादों की ताजगी बनाए रखते हैं और प्लास्टिक कचरे को कम करते हैं। कृषि क्षेत्र में, बायोडिग्रेडेबल मल्चिंग फिल्म मिट्टी की नमी बनाए रखने और खरपतवार नियंत्रण में सहायक होती है। चिकित्सा उपकरणों में, सर्जिकल सुई, खुद से पिघलने वाले टांके और दवा वितरण प्रणालियों में इसका उपयोग बढ़ रहा है। उपभोक्ता उत्पादों में, बायोडिग्रेडेबल कटलरी, डिस्पोजेबल कप और खिलौनों के निर्माण में भी बायोप्लास्टिक का उपयोग बढ़ रहा है। इसी तरह, टेक्सटाइल और फैशन उद्योग में, बायोपॉलिमर से बने जैविक कपड़े पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने में मदद कर सकते हैं। थ्रीडी प्रिंटिंग में, बायोप्लास्टिक एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग में एक टिकाऊ विकल्प बन रहा है।

हालांकि, चावल-आधारित बायोप्लास्टिक के कई फायदे हैं, लेकिन इसे बड़े पैमाने पर अपनाने में कुछ बाधाएं भी हैं। फिलहाल इसकी उत्पादन लागत पारंपरिक प्लास्टिक की तुलना में महंगी है। कुछ बायोप्लास्टिक पारंपरिक प्लास्टिक की तरह मजबूत नहीं होते। इन्हें पूरी तरह विघटित होने के लिए सही परिस्थितियों की आवश्यकता होती है। यदि बायोप्लास्टिक उत्पादन के लिए खाद्यान्न आधारित कच्चे माल का उपयोग बढ़ता है, तो इससे खाद्य सुरक्षा पर भी असर पड़ सकता है। इसके बावजूद, बायोप्लास्टिक की प्रगति में अपार संभावनाएं हैं, जिसके चलते इसका वैश्विक बाजार तेजी से बढ़ रहा है।

# आंगन को छोटा करने वाली दीवारें न उठ पाएं

विश्वनाथ सचदेव



मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज में 'अमृत स्नान' के अवसर पर जो कुछ हुआ वह हृदय-विदारक है। कितने घायल हुए, कितने भगदड़ में मर गये, इस संख्या को लेकर विवाद होता रहेगा; इस भयानक हादसे के कारणों को लेकर भी विवाद चलता रहेगा। निश्चित रूप से यह एक भयंकर त्रासदी है, जिसे लेकर सारा देश उद्विग्न है। परेशान भी है। इस हादसे की देश में ही नहीं, दुनिया भर में चर्चा हो रही है। यह स्वाभाविक भी है, ज़रूरी भी। दुनिया के इस सबसे बड़े मेले में चालीस करोड़ से भी अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया गया था। सरकार इस बात को जानती थी। यही नहीं, तरह-तरह के संसाधनों से अधिकाधिक यात्रियों को इस अमृत पर्व आयोजन का हिस्सा बनने के लिए कहा जा रहा था। हद तो तब हो गयी जब इस मेले में आने को राष्ट्रीय अस्मिता से जोड़कर देखा जाने लगा।

बहरहाल, इस सब की चर्चा देश में खूब हो रही है। होनी भी चाहिए। पर 'अमृत स्नान' की उस रात प्रयागराज में कुछ और भी ऐसा हुआ था जिसकी उतनी चर्चा नहीं हुई जितनी होनी चाहिए थी। जब लाखों की संख्या में श्रद्धालु शरण पाने के लिए उमड़ रहे थे, थके-हारे परेशान हो रहे थे तो इलाहाबाद के मुसलमानों ने अपने हिंदू भाइयों के लिए मस्जिदों के दरवाज़े खोल दिये थे, परेशान यात्रियों को अपने घरों में जगह दी थी। उन्हें चाय दी, खाना दिया, बिस्तर दिये, दवाइयां दी। यह दृश्य रोमांचित करने वाला था। यह वे ही लोग थे, जिनके लिए कुछ लोगो ने यह कहा था कि उन्हें मेला क्षेत्र में दुकान लगाने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। एक स्वतंत्र देश के स्वतंत्र नागरिकों पर इस तरह का बंधन किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। सच पूछा जाये तो यह पंथ-निरपेक्ष भारत की नागरिकता का अवमूल्यन था। यह एक कड़वा घूंट ही होगा उन सब नागरिकों के लिए जो पंथ-निरपेक्षता में विश्वास करते हैं। स्वतंत्र भारत में कभी कुंभ-पर्व के अवसर पर हमारी गंगा-जमुनी सभ्यता और संस्कृति को नकारने की बात इससे पहले नहीं कही गई।

इस सबके बावजूद मौनी अमावस्या की उस रात में प्रयागराज के मुस्लिमों ने मनुष्यता का एक शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया था। हकीकत यह भी है कि इस मनुष्यता के उदाहरण की उतनी चर्चा हुई नहीं, जितनी होनी चाहिए थी। उस रात कुंभ में पवित्र त्रिवेणी में स्नान करने के लिए आये परेशान यात्रियों के लिए जो सद्भाव के प्रयास हुए, उसके महत्व को आज नहीं तो कल अवश्य समझा जायेगा। समझा जाना ही चाहिए। ऐसा नहीं है कि इस तरह का अनुकरणीय काम देश में पहली बार हुआ है। अतीत में भी हिंदू और मुसलमान, दोनों इस तरह के उदाहरण प्रस्तुत करते रहे हैं। कुछ साल पहले कोलकाता के एक मंदिर के दरवाज़े उन नमाज़ी मुसलमानों के लिये खोल दिये गये थे जो तेज वर्षा के कारण खुले में ईद की नमाज नहीं पढ़ पा रहे थे। वे दिन भी थे जब ईद और दीपावली हिंदू-मुसलमान मिलकर मनाते थे। हिंदू मीठी सवैयों के लिए अपने मुसलमान पड़ोसी की ईद का इंतजार करते थे और मुसलमान हिंदू मित्र से दीपावली की मिठाई पाना अपना अधिकार समझते थे।

ऐसा नहीं है कि मेलजोल की यह भावना अब खत्म हो गयी है। पर एक कड़वी सच्चाई यह भी है कि स्वतंत्र भारत में दोनों मजहबों के बीच दीवारें उठाने की कोशिश अब अक्सर होने लगी है। दोनों ही वर्गों में ऐसी आवाज़े उठ जाती हैं, जिन्हें सुनकर दुख भी होता है और निराशा भी होती है। यह काम जो भी करते हैं, वे देश को बांटने वाले हैं, जोड़ने वाले नहीं। सदियों से इस देश में हिंदू और मुसलमान मिल-जुल कर रहे हैं। अब तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक यह भी कह रहे हैं कि इस देश के हिंदुओं और मुसलमानों का डीएनए एक ही है। तो फिर हमारे आंगन को छोटा करने वाली दीवारें क्यों उठ रही हैं? देश को बांटने वाली ताकत जब-तब हमारे विवेक पर क्यों हावी हो जाती है? हैरानी की बात तो यह भी है कि ईश्वर और अल्लाह का नाम साथ-साथ लेने पर भी कुछ लोगों को ऐतराज है! देश और समाज को बांटने वाली यह ताकतें यह क्यों भूल जाती हैं कि सदियों से यह देश धार्मिक एकता का उदाहरण प्रस्तुत करता रहा है। आज से ठीक 1018 साल पहले संत झूलेलाल ने 'ईश्वर-अल्लाह हिक आहे' का संदेश दिया था। 'दमा दम मस्त कलंदर' की धुन पर नाचने-गाने वाले हमारे इतिहास के स्वर्णिम अध्यायों को क्यों याद नहीं रखते? बहरहाल, प्रयागराज की बात करें।

यह बात ज्यादा माने नहीं रखती कि कौन गंगा के पानी को कितना पवित्र मानता है, महत्वपूर्ण यह तथ्य है कि गंगा का पवित्र जल सबके लिए एक-सा है; सबको पुण्य देने वाली गंगा किसी के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं बरतती। गंगा मां है, सब उसकी संताने हैं। इसलिए जो भी गंगा के पानी में डुबकी लगायेगा, पुण्य पायेगा। मौनी अमावस्या की उस रात में वे सब पुण्य के भागी बने थे जिन्होंने डुबकी लगायी या जिन्होंने डुबकी लगाने के लिए आये यात्रियों की परेशानी को दूर करने में योगदान किया। उस रात प्रयागराज में मनुष्यता का एक उदाहरण प्रस्तुत किया गया था। धार्मिक सहिष्णुता के संदर्भ में एक बात और हमें याद रखनी होगी। आज भले ही हिंदू-मुसलमान के बीच दीवारें उठाने की कोशिशें हो रही हों, पर हकीकत यह है कि देश का हर नागरिक इसी मिट्टी में जन्मा है, इसी देश की हवा उसकी सांसों में है। इसलिए, ऐसी हर कोशिश को नाकाम करने की ज़रूरत है जो जोड़ने के बजाय बांटने की कोशिश करे। धार्मिक एकात्मता का अनूठा उदाहरण है हमारा भारत। दुनिया के किसी भी देश में इतने धर्म साथ-साथ नहीं पल रहे।

# आप टिफिन में ले जा सकते हैं ये पकवान



फरवरी माह में लोगों के सामने एक बड़ी समस्या खड़ी हो जाती है, जो लोग टिफिन लेकर जाते हैं या फिर जिनके घर में छोटे बच्चों के लिए टिफिन तैयार किया जाता है। दरअसल, गर्मियों में तो खाने में कुछ भी रख दो, वो गर्म बना ही रहता है। दोपहर तक खाने में हल्की गर्माहट रहती है लेकिन जब सर्दियां आ जाती हैं तो टिफिन में कुछ भी लेकर जाओ वो एकदम ठंडा हो जाता है। जिस वजह से खाना स्वादहीन हो जाता है। कई बार तो समझ ही नहीं आता कि ऐसा क्या बनाकर टिफिन में ले जाएं, जो ठंडा होने के बाद भी स्वादिष्ट बना रहे। तो कुछ ऐसे पकवान है जो सिर्फ खाने में अच्छे हैं, बल्कि इनका सेवन आप ठंडा होने के बाद भी कर सकते हैं।

## वेजिटेबल पुलाव

सर्दी के मौसम में कई सब्जियां बाजार में मिलने लगती हैं, जिनको पुलाव में मिलाकर आप इसका स्वाद बढ़ा सकते हैं। वेजिटेबल पुलाव खाने में काफी स्वादिष्ट लगता है। वेजिटेबल पुलाव ठंडा होकर भी खाने में स्वादिष्ट लगता है। इसका सेवन आप चटनी के साथ कर सकते हैं। वेज पुलाव एक आसानी से बनने वाला स्वादिष्ट भारतीय चावल है जिसमें सुगंधित बासमती चावल को सब्जियों और मसालों के साथ पकाया जाता है। इसे वेजिटेबल पुलाव, पुलाव या भारतीय पुलाव के नाम से भी जाना जाता है, यह व्यंजन बच्चों और बड़ों दोनों को पसंद आता है और इसे रोज़मर्रा की भारतीय रसोई की सामग्री से बनाया जा सकता है।



## फ्राइड इडली

वैसे तो इडली सांभर गरमागरम ही अच्छी लगती है, लेकिन आप चाहें तो इडली को फ्राई करके टिफिन मे भी लेकर जा सकते हैं। फ्राइड इडली ऐसे ठंडी भी खाने में अच्छी लगती है। घर पर कुछ स्पेशल बनाना हो तो सभी की लिस्ट में इडली भी एक ऑप्शन रहता है। लंच हो या डिनर सभी लोग इडली सांभर बनाकर खाना पसंद करते हैं। इसके लिए लोग एक दिन पहले चावल को पीसने के बाद भिगोकर रख देते हैं ताकि बैटर में खमीर उठ सके। इससे इडली काफी सॉफ्ट बनती है। अगले दिन इसी बैटर से गर्मागर्म इडली का मजा लेते हैं। कई बार इडली बच जाती हैं ऐसे में समझ नहीं आता कि बची हुई इडली का क्या किया जाए। हम आपके लिए बेस्ट तरीका लेकर आए हैं। बची हुई इडली को आप चटपटी फ्राइड इडली में बदल सकते हैं। चटनी के साथ इसका लाजवाब स्वाद आपकी जुबान पर हमेशा के लिए रह जाएगा।

## पराठा

नाश्ते में गरमागरम और कुरकुरे आलू के पराठे किसे पसंद नहीं होते? पंजाब से आने वाले ये बिना खमीर वाले मुलायम पराठे भारत के उत्तरी, पश्चिमी और मध्य क्षेत्रों में ज़्यादातर लोकप्रिय हैं। इसमें कार्बोहाइड्रेट, वसा, विटामिन और प्रोटीन से भरपूर पोषण होता है। आलू ( आलू ) के पराठे पूरे गेहूं से बनाए जाते हैं, मसालेदार आलू से भरे जाते हैं और तेल या घी के साथ पकाए जाते हैं। सर्दियों के मौसम में गोभी और मूली भी मिलने लगती हैं। ऐसे में आप आलू, गोभी, पनीर या मूली के पराठे तैयार करके इन्हें टिफिन में ले जा सकते हैं। पराठे खाने में काफी स्वादिष्ट लगते हैं। इन्हें आप चाय लेकर उसके साथ खा सकते हैं। इनका स्वाद बहुत स्वादिष्ट होता है और इन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ा जा सकता है।



## ढोकला

यदि आप टिफिन में कुछ हैवी पकवान नहीं लेकर जाना चाहते तो आसान विधि से घर पर ही ढोकला तैयार करें। घर पर ढोकला तैयार करने के बाद इसे चटनी के साथ टिफिन मे ले जाएं। ये भी सर्दी के मौसम में खाने में अच्छा लगता है।

## मसाला पूड़ी



अगर कोई ऐसा मील है जिसका हमें दिन में सबसे ज्यादा इंतजार रहता है, तो वह है रात का खाना। व्यस्त दिन के बाद, हम अपनी टेस्ट बड को कुछ एक्साइटिंग देना चाहते हैं। हालांकि यहां बहुत सारे ऑप्शन हैं, लेकिन आम करी, सब्ज़ियां और ब्रेड भी हैं जो हमारे मेनू में लगातार बने रहते हैं। ऐसा ही एक मील है क्लासिक पूरी। सॉफ्ट और फ्लफी, यह डीप फ्राई गोल्डन ब्रेड कई प्रकार के व्यंजनों के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। उदाहरण के लिए, मसाला मेथी पुरी एक ऐसा वर्जन है जो आपका ध्यान आकर्षित करता है। इसे बनाना बेहद आसान है और यह हर बाइट में भरपूर फ्लेवर देने का वादा करता है। यदि पराठा खाने में नहीं पसंद तो इस मौसम में नमक, अजवाइन, मिर्च वाली पूड़ी तैयार करें। ये चाय के साथ खाने में काफी स्वादिष्ट लगती है। इसका सेवन आप सिर्फ अचार और चाय के साथ भी कर सकते हैं। इसके लिए आपको सब्जी की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## हंसना मना है

लड़का- कल से हम कहीं और मिलंगे
लड़की - क्यूं? लड़का - बड़े कमीने है तेरी गली के बच्चे, लड़की - क्या हुआ?
लड़का - कुत्ते पीछे लगाकर कहते है, जब प्यार किया तो डरना क्या!

एक मक्खी गंजे के सर पर बैठी थी, दुसरी ने कहा वाह.! क्या घर मिला है तुझे। पहली मक्खी : नहीं रे, अभी तो सिर्फ प्लॉट खरीदा है..!

अपना बच्चा रोये तो दिल में दर्द होता है, और दुसरे का रोये तो सिर में। अपनी बीवी रोये तो सिर में दर्द होता है, और दुसरे की रोये तो दिल में।

पूरी शराब की बोतल ही गटक ली आज उसने। बीवी ने तो सिर्फ इतना ही कहा था के आज 'पीके' दिखा दो।

एक आदमी राम मंदिर गया और रोने लगा, हे राम मेरी बिवी खो गयी, राम जी बोले, बाजूवाले हनुमान मंदिर में जाके बोल, मेरी भी उसी ने खोजी थी।

एक नई शादीशुदा औरत कोक पी रही थी, उसमें एक मच्छर गिर गया, औरत ने उसे निकाला तो मच्छर बोला, मां!
औरत- तूने मुझे मां क्यों कहा?
मच्छर- मैं तेरी कोक से निकला हूं, मां!

## कहानी | घमंड कभी न करना

स्वामी विवेकानंद अपने लोकप्रिय शिकागो धर्म सम्मेलन के भाषण के बाद भारत वापस आ गये थे। अब उनकी चर्चा विश्व के हर देश में हो रही थी। स्वामी जी भारत वापस आकर एक दिन घूमते घूमते एक नदी के किनारे आ गये। वहां उन्होंने देखा कि एक नाव किनारा छोड़ चुकी है। तब वे नाव के वापस आने के इंतजार में वहीं किनारे पर बैठ गए। साधु ने स्वामी जी को वहां अकेला बैठा देखा स्वामी जी से पूछा, तुम यहां क्यों बैठे हुए हो? स्वामी जी ने जवाब दिया, मैं यहां नाव का इंतजार कर रहा हूं। साधु ने पूछा, तुम्हारा नाम क्या है? स्वामी जी ने कहा, मैं विवेकानंद हूं। साधु ने मजाक उड़ाते हुए कहा, अच्छा! तो तुम वो विख्यात विवेकानंद हो जिसको लगता है कि विदेश में जा कर भाषण दे देने से तुम बहुत बड़े महात्मा साधु बन सकते हो। फिर साधु ने बहुत ही घमंड के साथ, नदी के पानी के ऊपर चल कर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। साधु ने स्वामी जी से कहा, क्या पानी पर पैदल चल कर इस नदी को पार कर सकते हो? स्वामी जी ने साधु से कहा, इस बात में कोई शक नहीं कि आपके पास बहुत ही अद्भुत शक्ति है। आपको यह असाधारण शक्ति प्राप्त करने में कितना समय लगा। बहुत ही अभिमान के साथ साधु ने जवाब दिया, यह बहुत ही कठिन कार्य था। मैंने बीस सालों की कठिन तपस्या और साधना के बाद यह महान शक्ति प्राप्त की है। साधु का यह बताने का अंदाज बहुत ही अहंकार भरा था। यह देख कर स्वामी जी बहुत ही शांत स्वर में बोले, आपने अपनी जिन्दगी के बीस साल ऐसी विद्या को सीखने में बर्बाद कर दिए, जो काम एक नाव पांच मिनट में कर सकती है। आप ये बीस साल निर्धन बेसहारा गरीबों की सेवा में लगा सकते थे। या अपने ज्ञान और शक्ति का प्रयोग देश और देशवासियों की प्रगति में लगा सकते थे। परंतु आपने अपने बीस साल सिर्फ पांच मिनट बचाने के लिए व्यर्थ कर दिए, ये कोई बुद्धिमानी नहीं है। साधु सिर झुकाए खड़े रह गये और स्वामी जी नाव में बैठ कर नदी के दूसरी किनारे चले गए।

## 7 अंतर खोजें




## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष** धनार्जन होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। संपत्ति के लेनदेन में सावधानी रखें।

**वृषभ** जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा।

**मिथुन** संतान के कार्यों पर नजर रखें। पूंजी निवेश बढ़ेगा। प्रचार-प्रसार से दूर रहें। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा।

**कर्क** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दु:खद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। वास्तविकता को महत्व दें।

**सिंह** प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या** मान बढ़ेगा। मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी।

**तुला** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें।

**वृश्चिक** अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें। विवादों से दूर रहना चाहिए।

**धनु** कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। नई योजना बनेगी।

**मकर** रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा।

**कुम्भ** धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मीन** प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भेंट होगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

# 'लवयापा' की रिलीज पर खुश हैं खुशी कपूर और जुनैद खान

बॉलीवुड मसाला

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरने वाले दो नए चेहरे जुनैद खान और खुशी कपूर हैं, जिन्होंने पिछले साल ही अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। वे अपनी फिल्म लवयापा के लिए चर्चा में हैं, जो सिनेमाघरों में आखिरकार रिलीज हो चुकी है। फिल्म को लेकर जुनैद और खुशी में भी काफी उत्साह है। लवयापा की रिलीज से पहले ही खुशी कपूर और जुनैद खान ने अपनी खुशी जाहिर की थी। अपनी फिल्म लवयापा के बारे में उत्साह साझा करते हुए अभिनेत्री खुशी कपूर ने कहा, हमें सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है, इसलिए हमें अच्छा लग रहा है। हम फोन और सोशल मीडिया पर जो देखते हैं, वास्तविकता में चीजें उससे बहुत अलग हैं, इसलिए, विश्वास बहुत महत्वपूर्ण है। वहीं, जुनैद खान ने भी अपनी बात सामने रखी। एएनआई के साथ साक्षात्कार में जुनैद ने भी उत्साह साझा करते हुए कहा, बहुत से लोगों ने फिल्म देखी है...विश्वास बहुत महत्वपूर्ण है। रिश्ते को पोषण देना बहुत महत्वपूर्ण है। समझ और संचार भी उतना ही महत्वपूर्ण है।



हाल ही में मुंबई में लवयापा की स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया था। इस दौरान इंडस्ट्री के कई सितारों ने स्क्रीनिंग में चार चांद लगाए थे। स्क्रीनिंग की खास बात यह रही थी कि तीनों खान एक बार फिर साथ नजर आए थे। स्क्रीनिंग में शाहरुख खान जैसे ही पहुंचे, उन्होंने आमिर खान को गले लगाया और उन्हें गाल पर किस भी किया। वहीं, सलमान खान भी इस तिकड़ी को पूरा करने के लिए स्क्रीनीं में पहुंचे। सलमान और शाहरुख दोनों ने आमिर खान के बाटे जुनैद और श्रीदेवी व बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर पर प्यार भी लुटाया।

वहीं, फिल्म की कहानी की बात करें तो लवयापा सोशल मीडिया के जमाने में होने वाले प्यार पर आधारित है कि इस समय क्या-क्या चुनौतियां सामने आती हैं। अद्वैत चंदन द्वारा निर्देशित यह फिल्म प्यार के हफ्ते यानी वेलेंटाइन वीक के पहले दिन रिलीज हो चुकी है। अब देखना यह है कि इसे दर्शकों की कैसी प्रतिक्रिया मिली है और यह बॉक्स ऑफिस पर कितना कमाल दिखा पाएगी?

बॉलीवुड मन की बात

# 16 साल की उम्र में मेरी शादी हुई और 18 में हो गया था तलाक : उर्वशी



टीवी सीरियल कसौटी जिंदगी की में कोमोलिका का किरदार निभाकर पॉपुलर हुईं टीवी एक्ट्रेस उर्वशी ढोलकिया आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। हालांकि प्रोफेशनल लाइफ से इतर उर्वशी की पर्सनल लाइफ काफी उतार-चढ़ाव वाली रही। एक्ट्रेस का 18 साल की उम्र में तलाक हो गया था और तब वो दो बच्चों की मां थीं। अब एक इंटरव्यू में उर्वशी ने इस पूरे मामले पर खुलकर बात की है। हॉटरफ्लाई को दिए इंटरव्यू में उर्वशी ने बताया कि वो 16 साल की थीं जब उनकी शादी हो गई थी। शादी के दो साल बाद उन्होंने तलाक के लिए अर्जी लगा दी थी। एक्ट्रेस के दो जुड़वा बेटे क्षितिज और सागर हैं। उर्वशी ने बताया कि उनके दोनों बच्चों ने कभी अपने पिता के बारे में जानने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। उर्वशी ने कहा, हमने इस बारे में बातचीत की लेकिन उन्होंने कहा कि वो जानना नहीं चाहते। इस बारे में वो बहुत क्लियर थे। ये उनकी च्वाइस थी। मैंने उन्हें बताने की बहुत कोशिश की लेकिन वो जानना ही नहीं चाहते थे। इसके बाद मैं भी भूल गई। उर्वशी ने अपने एक्स पति के बारे में बात करते हुए बताया कि वह कभी भी अपने बच्चों के संपर्क में नहीं थे। जब वे डेढ़ साल के हुए तब से उनकी कोई बात अपने पापा से नहीं हुई है। जब मैं 18 साल की हुई, तब तक मैं एक मां के साथ-साथ एक पिता भी बन चुकी थी। इसके अलावा उर्वशी ने अपने डिवोर्स और मेंटल ट्रामा को लेकर भी बात की। उर्वशी ने कहा, मैंने एक महीने के लिए खुद को कमरे में लॉक कर लिया था सिर्फ ये जांचने के लिए कि आखिर हुआ क्या है। मैं किसी से बात नहीं करना चाहती थी। मैं बस इससे निकलने की कोशिश कर रही थी।

फौजी में हुई एंट्री!

# आर्मी ऑफिसर बनकर दुश्मनों के छक्के छुड़ायेंगे प्रभास

साउथ सुपरस्टार प्रभास इन दिनों अपनी कई फिल्मों के निर्माण में व्यस्त है, जिसमें से एक है फौजी। यह वॉर ड्रामा फिल्म हनु राघवपुडी द्वारा निर्देशित है। निर्माता समय-समय पर इस फिल्म से जुड़ी जानकारी फैंस के साथ साझा करते रहते हैं। प्रभास इस फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच अब फिल्म को लेकर दिलचस्प खबर सामने आ रही है, जो इसकी कास्ट से जुड़ी हुई है।

फिल्म की शूटिंग फिलहाल हैदराबाद के आरएफसी में चल रही है और ताजा चर्चा यह है कि प्रभास के साथ फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता भी अहम भूमिका निभाने वाले हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेता अनुपम खेर इसमें प्रभास के साथ नजर आ सकते हैं। अगर रिपोर्ट्स सच हैं तो कार्तिकेय 2 और टाइगर नागेश्वर राव के बाद यह उनकी तीसरी तेलुगु फिल्म होगी।

हालांकि, फौजी टीम की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

फौजी एक एक्शन ड्रामा है, जिसमें प्रभास एक आर्मी ऑफिसर की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण यूवी क्रिएशन्स द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रभास कई फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। प्रभास, मारुति दासारी द्वारा निर्देशित हॉरर कॉमेडी द राजा साब की भी शूटिंग कर रहे हैं, जिसे भी बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है। पाइपलाइन में इतनी सारी फिल्में होने के कारण, प्रभास बिना किसी ब्रेक के लगातार काम कर रहे हैं।

फिल्म फौजी को मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित किया जा रहा है। फिल्म में प्रभास के साथ अभिनेत्री इमावी को मुख्य भूमिका में लिया गया है। विशन चंद्रशेखर इस बिग बजट मूवी के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं, जबकि कोटागिरी वेंकटेश्वर राव ने संपादन का काम संभाला है, और सिनेमैटोग्राफी सुदीप चटर्जी द्वारा संभाली गई है।



# यह था दुनिया का सबसे अमीर शख्स इसकी शाहखर्ची के आज भी होते हैं चर्चे



दुनिया में अमीर लोगों की संख्या तो हर साल बदलती रहती है और आमतौर पर यह बढ़ती ही रहती है। कुछ दशक पहले चर्चा लोगों के करोड़पति होने की होती थी। लेकिन अब अरबपतियों की होती है। फिर भी आज दुनिया में अरबपतियों की संख्या बहुत अधिक नहीं होगी ऐसे कितने लोग होंगे जिनकी नेटवर्थ एक अरब डॉलर यानी 87 अरब 47 करोड़ रुपयों से अधिक की होगी? क्या आप जानते हैं कि इतिहास में पृथ्वी पर अब तक के सबसे अमीर शख्स की जितनी नेटवर्थ थी सदियों पुराना वह शख्स कौन था जो आज तक दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति बना रहा है और आज भी माना जाता है। और उसकी कमाई कैसे होती थी।

इतिहासकार मानते हैं कि दुनिया में अब तक के सबसे अमीर शख्स की नेटवर्थ 1212 में 400 अरब डॉलर या 349 खरब 82 अरब 64 करोड़ रुपये थी जो कि आज 500 अरब डॉलर यानी 437 खरब 16 अरब डॉलर रुपये के बराबर होगी। वहीं कई इतिहासकार मानते हैं कि उसकी नेटवर्थ को आंका ही नहीं जा सकता है। फोर्ब का दावा है कि यह आज की दुनिया के 5 सबसे अमीर अरबपतियों की कुल नेटवर्थ से भी अधिक है। लेकिन जो दुनिया में अब तक का सबसे अमीर शख्स है, वह आज के दौर का नहीं बल्कि 14वीं सदी का एक राजा था। यह कोई और नहीं मनसा मूसा था, जिसे अफ्रीका के माली राजवंश का शासक था। उसने वहां 1312 ईस्वी से 1337 के बीच शासन किया था। उसके शासन काल में माली अफ्रीका का सबसे अमीर राज्य माना जाता था और मूसा को दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति माना जाता था। इतिहासकार बताते हैं कि मूसा की कमाई का मुख्य जरिए नमक और सोना था। वह दोनों को ही खानों से बहुत सी मात्रा में खनन किया करता था। इसके अलावा वह हाथी दांत और गुलामों का भी जम कर व्यापार कर कमाया करता था। लेकिन उसकी कमाई से ज्यादा उसके खर्चों की चर्चा होती थी। बताया जाता है कि जब वह हज करने यात्रा पर गया था, अपने साथ हजारों लोगों, दर्जनों ऊंटों के साथ 136 किलो सोना ले गया था। मूसा की सम्पति के चर्चे यूरोप से लेकर एशिया तक हुआ करते थे, कहा जाता है कि दुनिया का राजा उसे खत लिखा करते थे जिससे कि वह उन्हें सोना तोहफे में भेज सकें। 1337 में उसकी मौत हुई, लेकिन उसके बाद भी उसकी सम्पत्ति इतनी विशाल थी कि उसकी आज भी चर्चा होती है।

अजब-गजब

चमोली जिले के बद्रीनाथ में है रहस्यमयी झरना

# पापियों के शरीर पर एक बूंद तक नहीं गिरता इस झरने का पानी

उत्तराखंड को देवभूमि नाम से जाना जाता है। यहां की खूबसूरत वादियां हर किसी का मन मोह लेती है। देवभूमि उत्तराखंड में तमाम तीर्थ स्थल और धार्मिक आस्था के स्थल मौजूद हैं। जहां हर साल हजारों लोग तीर्थ और भ्रमण करने के लिए आते हैं। इसके साथ ही उत्तराखंड में कई प्राकृतिक झरने भी मौजूद हैं जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। आज हम आपको एक ऐसे झरने के बारे में बताने जा रहे हैं जो बेहद खूबसूरत है लेकिन इस झरने की खास बात इसका रहस्यमयी होना है। क्योंकि इस झरने का पानी ऐसे लोगों पर नहीं गिरता जो पापी होते हैं।

ऐसा माना जाता है कि चमोली जिले के बद्रीनाथ में मौजूद झरना पापी व्यक्तियों के स्पर्श मात्र से ही गिरना बंद कर देता है। ये बात सुनकर भले ही आपको यकीन न हो लेकिन बात बिल्कुल सच है। दरअसल, बद्रीनाथ से करीब 8 किलोमीटर और भारत के आखिरी गांव माणा से पांच किमी दूर समुद्रतल से 13,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस अद्भुत जल प्रपात यानी झरने को वसुधारा नाम



से जाना जाता है, जिसका उल्लेख शास्त्रों में भी मिलता है। यह झरना बेहद ही पवित्र माना जाता है जो अपने अंदर कई रहस्य समेटे हुए है। यह झरना करीब 400 फीट की ऊंचाई से गिरता है और इसकी पावन जलधारा सफेद मोतियों के समान नजर आती है, जो बेहद ही खूबसूरत है। यहां आकर लोगों को ऐसा लगता है मानो वह स्वर्ग में पहुंच गए हों। इस झरने के सुंदर मोतियों जैसी जालधारा यहां आए लोगों को स्वर्ग की अनुभूति कराती है। इस झरने की खास बात यह है कि इसके नीचे जाने वाले हर व्यक्ति पर इस झरने का पानी नहीं गिरता। ऐसा कहा जाता है कि इस पानी की बूंदें पापियों के तन पर नहीं पड़ती। ग्रंथों में कहा गया है कि यहां पंच पांडव में से सहदेव ने अपने प्राण त्यागे थे। इसके बारे में मान्यता है कि यदि इस जलप्रपात के पानी की बूंद किसी व्यक्ति के ऊपर गिर जाए तो समझ जाये कि वह एक पुण्य व्यक्ति है। जिस कारण देश से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी श्रद्धालु यहां आकर इस अद्भुत और चमत्कारी झरने के नीचे एक बार जरूर खड़े होते हैं।

ऐसा कहा जाता है कि इस झरने का पानी कई जड़ी-बूटियों वाले पौधों को स्पर्श करते हुए गिरता है, जिसमें कई जड़ी बूटियों के तत्व शामिल होते हैं, इसलिए इसका पानी जिस किसी इंसान पर पड़ता है, उसकी काया हमेशा के लिए निरोग हो जाती है। ऐसी मान्यता है कि यहां अष्ट वसु (आप यानी अयज, ध्रुव, सोम, धर, अनिल, अनल, प्रत्यूष व प्रभाष) ने कठोर तप किया था, इसलिए इस जल प्रपात का नाम वसुधारा पड़ गया। यह जल प्रपात इतना ऊंचा है कि पर्वत के मूल से शिखर तक एक नजर में नहीं देखा जा सकता।

# भाजपा को भी महाराष्ट्र में जीत पर नहीं हुआ था विश्वास : उद्धव

### » शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों का किया समर्थन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अनियमितताओं के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों का समर्थन किया और दावा किया कि राज्य में भाजपा को भी अपनी जीत पर विश्वास नहीं हुआ। ठाकरे ने कहा कि गांधी ने भाजपा नीत महायुति के बहुमत के तमाशे का भंडाफोड़ कर दिया। उन्होंने शिवसेना (उबाठा) के एक कार्यक्रम में कहा, जिस तरह विपक्ष को विश्वास नहीं हो रहा था कि उसकी हार वास्तविक है, उसी तरह भाजपा को भी अपनी जीत पर विश्वास नहीं हो रहा था।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रचंड बहुमत हासिल करने के बावजूद मुख्यमंत्री का फैसला करने में पूरा एक महीना लगा दिया और सत्तारूढ़ गठबंधन अभी भी जिला प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति को लेकर विवादों को सुलझाने में सक्षम नहीं है। ठाकरे ने प्रतिद्वंद्वी शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे को शिवसेना (यूबीटी) के सांसदों को तोड़ने की कोशिश करने की चुनौती भी दी। ठाकरे ने कहा, पुलिस और सरकारी मशीनरी तथा केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल किए बिना आप एक भी शिवसेना कार्यकर्ता को ले जाएं। ठाकरे ने कहा, (अतिरिक्त) मतदाता कहां से आए? क्या आपको लगता है कि लोकतंत्र की हत्या एक मजाक है? उन्होंने चुनाव से पहले संख्या में वृद्धि पर सवाल उठाते हुए कहा कि सामान्य परिस्थितियों में नए मतदाताओं का नाम दर्ज करना आसान नहीं होता है।



## विपक्ष करारी हार स्वीकार नहीं कर पा रहा: शिंदे

चुनाव में अनियमितताओं के राहुल गांधी के आरोपों के बीच, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि विपक्ष अपनी करारी हार को स्वीकार नही कर पा रहा है। शिंदे ने कहा कि विपक्ष के लिए ईवीएम तब ठीक है जब वे जीतते हैं, लेकिन हारने के बाद वे निर्वाचन आयोग और मतदाता सूची को दोष देंगे। शिंदे ने कहा, वे अभी भी इस हार को पचा नही पा रहे हैं। वे हार स्वीकार करने के लिए तैयार नही है और अभी भी सदमे से बाहर नही आ पाए है। दिल्ली चुनाव में राजग की जीत पर जोर देते हुए शिंदे ने कहा, उन्हें (विपक्ष को) दिल्ली में हार दिख रही है, इसलिए उन्होने आरोप लगाना शुरू कर दिया है।

## महाराष्ट्र चुनाव से जुड़े राहुल के आरोपों को भाजपा ने बताया निराधार

भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष के आरोपों को निराधार और ओछा करार दिया तथा कहा कि यह हारे हुए व्यक्ति के रोने से ज्यादा कुछ नही है। पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि महाराष्ट्र की मतदाता सूची में विसंगतियां हैं और बार-बार आग्रह के बावजूद निर्वाचन आयोग की ओर से प्रदेश के मतदाताओं के डेटा उपलब्ध नही कराने से लगता है कि कुछ न कुछ गलत है। राहुल ने दावा किया कि महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या राज्य की कुल वयस्क आबादी से ज्यादा है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ इस तरह के झूठे और ओछे आरोप लगाने से उन्हें क्या हासिल होता है? भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने राहुल के आरोपों को निराधार करार दिया। उन्होंने कहा, एक हारे हुए व्यक्ति के रोने से ज्यादा कुछ नही।

# कांग्रेस ने चुनाव आयोग के खिलाफ खोला मोर्चा

### » महाराष्ट्र लोस-विस चुनावों की अंतिम मतदाता सूचियों के लिए लिखा पत्र

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। कांग्रेस के एम्पावर्ड एक्शन ग्रुप ऑफ लीडर्स एंड एक्सपर्ट (ईगल) ने भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को पत्र लिखकर महाराष्ट्र की पिछले साल लोकसभा और विधानसभा चुनावों के समय की अंतिम मतदाता सूचियां उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। कांग्रेस ने निष्पक्ष चुनाव के मुद्दों को देखने के लिए पार्टी के अंदर इस समूह का गठन किया था। यह पत्र औपचारिक रूप से आयोग से अनुरोध है कि वह हमें महाराष्ट्र में हुए लोकसभा 2024 के चुनावों और विधानसभा 2024 के चुनावों की अंतिम मतदाता फोटो रोल की डिजिटल प्रति उपलब्ध कराए।

कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पत्र को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, औपचारिक रूप से चुनाव आयोग से अनुरोध है कि वह हमें महाराष्ट्र में हुए लोकसभा 2024 के चुनावों और विधानसभा 2024 के चुनावों की अंतिम मतदाता फोटो रोल की डिजिटल प्रति उपलब्ध कराए। एम्पावर्ड एक्शन ग्रूप ऑफ लीडर्स एंड एक्सपर्ट ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने चुनाव आयोग द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संचालन की निगरानी के लिए तत्काल प्रभाव से नेताओं और विशेषज्ञों के एक अधिकार प्राप्त कार्य समूह (ईगल) का गठन किया है, जिसमें अजय माकन, दिग्विजय सिंह, डॉ. अभिषेक सिंघवी, प्रवीण चक्रवर्ती, पवन खेड़ा, गुरदीप सिंह सप्पल, नितिन राऊत और चेल्ला वामशी चंद रेड्डी शामिल हैं।

# विराट कोहली की वापसी पर यशस्वी होंगे बाहर!

### » कुलदीप की जगह वरुण चक्रवर्ती को मिल सकता है मौका

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

कटक। भारतीय टीम रविवार को जब दूसरे वनडे में इंग्लैंड का सामना करेगी तो सबकी नजर विराट कोहली पर टिकी होगी। विराट पहले वनडे में घुटने की चोट की वजह से नहीं खेले थे। हालांकि, इंग्लैंड के खिलाफ 87 रन की पारी खेलकर भारत को चार विकेट से जीत दिलाने वाले शुभमन गिल ने स्पष्ट किया है कि कोहली की चोट गंभीर नहीं है और वह कटक में होने वाले दूसरे वनडे में खेलने उतरेंगे। ऐसे में अब सवाल यह उठता है कि दूसरे वनडे में श्रेयस और यशस्वी जायसवाल में से किसे बाहर किया जाएगा?

हालांकि, श्रेयस ने जिस तरह की पारी खेली, उनके बाहर होने की संभावना कम है। विराट अगर दूसरे वनडे में खेलते हैं तो उन्हें अपनी फॉर्म और फिटनेस दोनों साबित करनी होगी। वहीं शुभमन गिल ने भी 87 रन की पारी खेलकर अपनी जगह पक्की कर ली है। विराट की टीम में वापसी यशस्वी को बाहर करने पर हो सकती है, जिन्होंने अपने पहले मैच में 15 रन बनाए थे। ऐसे में गिल ओपनिंग करने उतर सकते हैं। वहीं कुलदीप यादव की जगह वरूण चक्रवरती को मौका मिल सकता है। इसके अलावा चयन को लेकर ये सारे समीकरण रोहित शर्मा पर और ज्यादा दबाव बना रहे हैं। वही एक ऐसे बल्लेबाज हैं जो लंबे समय से रन नहीं बना रहे हैं। नागपुर में भी वह सात गेंद में दो रन बना सके। हालांकि, अभी यह पहला वनडे है और खुद को बाहर करने की नौबत कटक में नहीं आनी चाहिए, लेकिन यह तय है रोहित जब कटक में बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे तो उन पर रन बनाने का अत्यधिक दबाव होगा। रोहित के साथ गिल ओपनिंग उतर सकते हैं, जबकि कोहली तीसरे और फिर श्रेयस का नंबर आएगा।



## जडेजा दुनिया के बेहतरीन ऑलराउंडर्स में हुए शुमार

### कपिल-अकरम और पोलाक की खास सूची में हुए शामिल

नई दिल्ली। रवींद्र जडेजा ने पहले वनडे में नौ ओवर में महज 26 रन देकर तीन विकेट झटके। इसी के साथ जडेजा का नाम दुनिया के बेहतरीन ऑलराउंडर्स में शुमार हो गया है। उनसे पहले यह मुकाम पाकिस्तान के वसीम अकरम, दक्षिण अफ्रीका के शॉन पोलक, बांग्लादेश के शाकिब अल हसन, न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी और भारत के महान कपिल देव ने हासिल किया है। वसीम ने 6615 रन बनाए थे और 916 विकेट लिए, जबकि पोलाक के नाम 7386 रन और 829 विकेट हैं। शाकिब ने तीनों प्रारूप को मिलाकर 14370 रन बनाए और 712 विकेट लिए हैं। वहीं, विटोरी ने 6989 रन बनाए और 705 विकेट झटके। कपिल के नाम 9031 रन हैं और 687 विकेट हैं। जडेजा के नाम 6649 रन और 600 विकेट हैं। इसके अलावा उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 38 रन आउट किए, 148 कैच लिए और उपलब्ध डेटा के अनुसार 303 रन बचाए हैं।

# तड़पकर मरने से मोक्ष नहीं मिलता: उमा

### » कुंभ भगदड़ पर बीजेपी नेता बोलीं- लाशों पर राजनीति अच्छी नहीं

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

भोपाल। प्रयागराज महाकुंभ 2025 में मची भगदड़ में कई लोगों की जांच चली गई। अब इसे लेकर भाजपा की कद्दावर नेता उमा भारती ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं। भगदड़ हुई है, लोगों की मौत हुई है, बहुत दुखद हादसा हुआ है, हमारे लिए बहुत दुखद बात है कि हम उनके जीवन को बचा नहीं सके। हम सब इस बात को लेकर शोकमग्न हैं, लेकिन लाशों को लेकर राजनीति नहीं करनी चाहिए, यह अच्छा नहीं है। भगदड़ को लेकर किसी तरह की साजिश के सवाल पर उमा भारती ने कहा, जहां कमिश्नर का वीडियो सामने आया है जिसमें वे कह रहे हैं कि आप लोग स्नान करके निकल जाएं।



इसके बाद अचानक बैरिकेडिंग हटाकर लोग दौड़ पड़ते हैं। इस पर कमेटी बैठ चुकी है, वो जांच करेगी और सच्चाई सामने आए। अचानक ऐसा कैसे हुआ यह सब सामने आना चाहिए। कथावचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के मोक्ष वाले बयान पर उमा भारती ने कहा कि कुंभ में स्नान करने से मोक्ष प्राप्त होता है। यह बात सत्य है। लेकिन, कुचलकर जाने, तड़प-तड़पकर मरने से ऐसा नहीं होता। जो जीवित रहते हैं, जिनके परिवार जिंदगी भर तड़पते हैं उन्होंने कौन सा पाप किया था। धीरेंद्र शास्त्री मेरे छोटे भाई जैसे है। लेकिन, संत को अपनी संवेदना का बहुत ध्यान रखना है और उसके प्रति सजग भी रहना चाहिए।

## सिपाही के पास इतना पैसा तो ऊपर तक कितना विकराल होगा : उमा भारती

परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके करीबियों चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल से लोकायुक्त के बाद अब ईडी पूछताछ कर रही है। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने बड़ा बयान दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि चेक पोस्ट घोटाले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अवैध कमाई का स्तर कितना बड़ा हो सकता है। उन्होंने कहा लोग शराबबंदी का विरोध यह कहकर करते हैं कि इससे राजस्व का नुकसान होगा, लेकिन जब एक सिपाही ही इतनी बड़ी रकम कमा सकता है, तो सोचिए कि नीचे से ऊपर तक यह कमाई कितनी भीषण और विकरल होगी। हम राजस्व कमाने के लिए शराब पिलाकर करोड़ों लोगों की जिंदगी से खेलते है, जबकि इधर कई हजार करोड़ रुपए घोटाले में गायब हो जाते हैं। इस विसंगतति को ठी करना ही हमारा राष्ट्रधर्म है।

# ट्रंप का एक और वार, बाइडन को नहीं मिलेगी खुफिया ब्रीफिंग

### » पूर्व राष्ट्रपति बाइडन की सुरक्षा मंजूरी रद

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की सुरक्षा मंजूरी को लेकर बड़ा फैसला लिया है। ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति की सुरक्षा मंजूरी को रद्द कर दिया है। अब उन्हें खुफिया ब्रीफिंग नहीं मिल सकेगी। ट्रंप ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इस फैसले की जानकारी दी है।

उन्होंने लिखा, जो बाइडन को क्लासिफाइड इनफॉर्मेशन तक पहुंच जारी रखने की कोई जरूरत नहीं है। इसलिए, हम जो बाइडन की सुरक्षा मंजूरी को तत्काल रद्द कर रहे हैं और उनकी डेली खुफिया ब्रीफिंग को रोक रहे हैं। ट्रंप ने आगे कहा, बाइडेन ने 2021 में यह उदाहरण पेश किया, जब उन्होंने खुफिया समुदाय को संयुक्त राज्य अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति (ट्रंप) को राष्ट्रीय सुरक्षा पर पहुंचने का निर्देश दिया था। जो पूर्व राष्ट्रपतियों को दिया जाने वाला शिष्टाचार है।






# मिल्कीपुर में भाजपा ने सपा से छीनी सीट, अपना ही बूथ हार गए अजीत

## » चंद्रभानु बड़े अंतर से जीते उपचुनाव

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

अयोध्या। मिल्कीपुर में भाजपा ने सपा को हराकर उपचुनाव जीत लिया है। दोपहर तक जारी मतगणना में सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत से चंद्रभानु बड़े अंतर से पीछे चल रहे थे।

उधर इस पर सपा ने इसे बेईमानी की जीत बताया है जबकि मिल्कीपुर उपचुनाव पर उपमुख्य मंत्री केशव मौर्या कहते हैं, मैं चंद्रभानु पासवान को बधाई देता हूं, समाजवादी पार्टी की गुंडागर्दी हार गई है, यह तो बस शुरुआत है। 2027 में समाजवादी पार्टी समपत्तवादी पाटी बन जाएगी।



## चुनावी तंत्र का दुरुपयोग करके जीतती है भाजपा : अखिलेश यादव

सपा चीफ अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए की बढ़ती शक्ति का सामना भाजपा वोट के बल पर नहीं कर सकती है, इसीलिए वो चुनावी तंत्र का दुरुपयोग करके जीतने की कोशिश करती है। ऐसी चुनावी धांधली करने के लिए जिस स्तर पर अधिकारियों की हेराफेरी करनी होती है, वो 1 विधानसभा में तो भले किसी तरह संभव है, लेकिन 403 विधानसभाओं में ये 'चार सौ बीसी' नहीं चलेगी। इस बात को भाजपावाले भी जानते हैं, इसीलिए भाजपाइयों ने मिल्कीपुर का उपचुनाव टाला था। पीडीए मतलब 90 प्रतिशत जनता ने खुद अपनी आँखों से ये धांधली देखी है, ये झूठी जीत है, जिसका जश्न भाजपाई कभी भी आईने में अपनी आँखों-में-आँखें डालकर नहीं मना पाएंगे। उनका अपराधबोध और भविष्य में हार का डर उनकी नींद उड़ा देगा। जिन अधिकारियों ने चुनावी घपलेबाजी का अपराध किया है वो



आज नहीं तो कल अपने लोकतांत्रिक-अपराध की सज़ा पाएंगे। एक-एक करके सबका सच सामने आएगा, न क़ुदरत उन्हें बख़्शेगी, न कानून। भाजपाई उनका इस्तेमाल करके छोड़ देंगे, उनकी ढाल नहीं बनेंगे। जब उनकी नौकरी और पेंशन जाएगी तो वो अपने बच्चों, परिवार और समाज के बीच अपमान की जिंदगी की सज़ा अकेले भुगतेंगे। लोकसभा चुनावों में अयोध्या में हुई पीडीए की सच्ची जीत, उनके मिल्कीपुर के विधानसभा की झूठी जीत पर कई गुना भारी है और हमेशा रहेगी।

## मिल्कीपुर पहुंचे सूर्य प्रताप शाही



मिल्कीपुर सीट पर भाजपा को मिल रही जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर जश्न मनाना शुरू हो गया है। युवा ढोल नगाड़े पर नाचते गाते हुए थिरक रहे हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चंद्र भानु और अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी कार्यालय पर मौजूद है ।

## योगी ने तो पहले कह दिया था : ओपी राजभर



ओपी राजभर का मिल्कीपुर और दिल्ली चुनाव के नतीजे पर बयान दिया है। मैंने वहां पर दो जनसभा किया था ,जनता को विकास चाहिए ,उसका आप नतीजा आप मिल्कीपुर में देख रहे हैं ,सपा जीतती है तो कुछ नहीं कहती है ,हार पर सब बोलते हैं।,दिल्ली में पीएम मोदी के नेतृत्व में जीत मिली है ,उमर अब्दुल्ला के ट्वीट पर तंज कसते हुए कहा हमारे योगी जी पहले से ही कह रहे थे ,बांटोगे तो काटोगे।

# सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन की हार, गोपाल राय व अमानतुल्लाह जीते


## » आप से भाजपा में गए कैलाश गहलोत की भी जीत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे शनिवार को घोषित हो रहे हैं। आप के दिग्गज नेताओं में शामिल सौरभ भारद्वाज व सत्येंद्र जैन भी चुनाव हार गए हैं। जबकि वरिष्ठ नेता गोपाल राय, अमानतुल्ला खान चुनाव जीत गए हैं। वहीं आप से भाजपा में गए कैलाश गहलोत भी चुनाव जीत गए हैं।

दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में बीजेपी की उम्मीदवार शिखा रॉय ने आप के सौरभ भारद्वाज को हराया। शिखा रॉय ने कुल 49594 वोट हासिल किए। ग्रेटर कैलाश सीट पर इस बार आप और बीजेपी के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही थी, हुआ भी वैसा ही, लेकिन आखिर में बाजी बीजेपी के हाथ लगी।ेटर कैलाश सीट से आम आदमी पार्टी ने सौरभ भारद्वाज को लगातार चौथी बार चुनावी मैदान में थे। 2020 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के सौरभ भारद्वाज ने भारतीय जनता पार्टी की शिखा राय को 16,809 वोटों के अंतर से हराया था। सौरभ भारद्वाज को 60,372 वोट मिले थे, जबकि शिखा राय को 43,563 वोट प्राप्त हुए थे। इससे पहले साल 2015 और 2013 के विधानसभा चुनाव में भी सौरभ भारद्वाज ने आम आदमी पार्टी की टिकट पर जीत दर्ज की थी। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने शिखा राय को मैदान में उतारा। वहीं कांग्रेस के टिकट पर गर्वित सिंधवी चुनावी मैदान में थे।





### भाजपा के अरविंदर सिंह लवली आगे



गांधी नगर विधानसभा सीट पर 10 राउंड की मतगणना पूरी हो गई है। भाजपा के अरविंदर सिंह लवली 11919 वोट से आगे चल रहे हैं। ग्रेटर कैलाश सीट पर 11 राउंड पूरे हो गए हैं।

### पटपड़गंज से अवध ओझा पीछे

पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार अवध ओझा 11 हजार से अधिक वोटों से पीछे चल रहे हैं। यहां से बीजेपी उम्मीदवार रविंद्र नेगी ने लगातार बढ़त बनाई हुई है।



### 'अहंकार रावण का भी नहीं बचा था'



केजरीवाल की हार के बाद स्वाति मालीवाल ने बिना नाम लिये पूर्व सीएम पर हमला बोला है।केजरीवाल की हार के बाद स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि अहंकार रावण का भी नहीं बचा था।

### जनता का फैसला हमें मंजूर : केजरीवाल



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भाजपा को बधाई देते हुए कहा कि जनता का फैसला हमें मंजूर है। उन्होंने कहा कि हमें जनता ने पिछले 10 सालों में मौका दिया। हमने कई बड़े काम किया। हमने शिक्षी स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई काम किया। उन्होंने कहा कि हम एक जिम्मेदार विपक्ष के नाते काम करते रहेंगे। हम समाज सेवा करते रहेंगे। लोगों के सुख-दुख में शामिल होंगे।केजरीवाल ने कहा कि हम न केवल रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे बल्कि जनता के बीच रहकर उनकी सेवा भी करते रहेंगे।

### भाजपा के खिलाफ युद्ध जारी रखेंगे : आतिशी



सीएम आतिशी ने कहा कि मुझ पर भरोसा दिखाने के लिए मैं कालकाजी के लोगों को धन्यवाद देता हूं। मैं अपनी टीम को बधाई देता हूं जिन्होंने बाहुबल के खिलाफ काम किया। हम जनता का जनादेश स्वीकार करते हैं, मैं जीत गया हूं लेकिन यह जश्न मनाने का नहीं बल्कि भाजपा के खिलाफ युद्ध जारी रखने का समय है।

### जीत का श्रेय पीएम मोदी व दिल्ली की जनता को : प्रवेश



पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे वर्मा ने कहा कि उनकी जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दिल्ली की जनता को जाता है।

### कांग्रेसी दिल्ली के विकास के लिए काम करेंगे : वाड्रा

दिल्ली चुनाव की मतगणना पर रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि दिल्ली के लोग प्रदूषण से राहत, महिलाओं की सुरक्षा और बेहतर बुनियादी ढांचा चाहते हैं। कांग्रेस और उसके नेता दिल्ली के विकास के लिए काम करेंगे। खरीद-फरोख्त की बातें हो रही हैं, इस तरह की राजनीति नहीं की जानी चाहिए।

# ओवैसी और मायावती के हाथ लगी निराशा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क





## » रुझानों में इन पार्टियों को आप से मिली हार

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों में मायावती, अजित पवार, असदुद्दीन ओवैसी, चिराग पासवान और नीतीश कुमार के दलों के भी हाथ कुछ नहीं लगा। असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तिहादुल मुस्लिमीन ने दिल्ली विधानसभा में दो सीटों पर चुनाव लड़ा, उन्होंने ओखला विधानसभा सीट और मुस्तफाबाद विधानसभा सीट से उम्मीदवार उतारे लेकिन इन दोनों सीटों पर उन्हें हार मिली।

मुस्तफाबाद में उनकी पार्टी तीसरे नंबर पर रही और ओखला में भी उनका उम्मीदवार बड़े अंतर से हार गया। मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने तो इस चुनाव में 68 उम्मीदवार उतार दिए, लेकिन किसी भी सीट पर उनका उम्मीदवार तीसरे स्थान को भी हासिल नहीं कर पाया। बसपा को इस चुनाव में 0.60प्रतिशत से भी कम वोट मिले। मायावती की ही तरह अजित पवार ने भी इस चुनाव में ढेर सारे उम्मीदवार उतारे थे लेकिन उनका हश्र और बुरा हुआ। उनके नेतृत्व वाली एनसीपी के कुल 30 उम्मीदवार चुनाव लड़े और सभी मिलकर महज 0.03प्रतिशत वोट हासिल कर सके।

भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली की 70 में से दो सीटें अपने गठबंधन दलों को भी दी थी। देवली विधानसभा सीट पर लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास पासवान) के प्रत्याशी खड़े हुए थे, वहीं, बुराड़ी विधानसभा सीट पर जनता दल युनाइटेड (जदयू) के प्रत्याशी मैदान में थे। देवली में चिराग के प्रत्याशी को 36,680 मतों से हार मिली।

## जनशक्ति सर्वोपरि! विकास जीता, सुशासन जीता : मोदी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली चुनाव नतीजों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली के चौतरफा विकास और यहां के लोगों का जीवन उत्तम बनाने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे, यह हमारी गारंटी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जनशक्ति सर्वोपरि! विकास जीता, सुशासन जीता। दिल्ली के अपने सभी भाई-बहनों को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए मेरा वंदन और अभिनंदन! आपने जो भरपूर आशीर्वाद और स्नेह दिया है, उसके लिए आप सभी का हृदय से बहुत-बहुत आभार।



# आपस में लड़ते रहेंगे तो समाप्त होंगे : उमर अब्दुल्ला

## » दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम नेताओं की प्रतिक्रिया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के रुझानों व परिणामों पर राजनीतिक पार्टियों की प्रतिक्रिया आना शुरू हो गई है। नेता व दल एक दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ रहें है जबकि जीते हुए नेता धन्यवाद दे रहें हैं।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आप और कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'और लड़ो आपस में, उन्होंने अपने सोशल मीडियो पोस्ट के साथ ही एक जीआईएफ भी साझा किया है। इस जीआईएफ में साधु रौद्र रूप में नजर आ रहा है, इसके साथ जीआईएफ के ऊपर एक टेक्स्ट लिखा और लड़ो आपस में, समाप्त कर दो एक दूसरे को।



### साथ होते तो भाजपा हारती : संजय राउत



दिल्ली चुनाव के रुझानों में भाजपा की बढ़त पर शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा, शुरुआती रुझान कड़ी टक्कर दिखा रहे हैं. अगर कांग्रेस और आप साथ होते तो नतीजे अलग हो सकते थे. आप और कांग्रेस का राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी भाजपा है, दोनों ने भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन वे अलग-अलग लड़े, अगर वे साथ होते तो भाजपा की हार पहले घंटे में ही तय हो जाती।

### डबल इंजन सरकार चाहते हैं लोग : भाटिया



भाजपा नेता गौरव भाटिया ने रुझानों में बीजेपी को मिली बढ़त पर कहा, हम जनता का आभार व्यक्त करते हैं, लोगों ने स्पष्ट और कड़ा संदेश दिया है कि वे डबल इंजन सरकार चाहते हैं, लोगों ने कट्टर बेईमान अरविंद केजरीवाल की आंखें खोलने का काम किया है। ईवीएम, पुलिस, चुनाव आयोग को दोष देने वाली इस नकारात्मक राजनीति का अंत होगा। हमें उम्मीद है कि भाजपा की जीत होगी और भाजपा लोगों की सेवा के लिए तैयार है।

### हम लोगों के फैसले को स्वीकार करते हैं : संदीप



कालकाजी सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा ने कहा कि दिल्ली के गुनहगारों को दिल्ली माफ नहीं करेगी। मुझे नहीं पता कि कौन फायदे की स्थिति में है और किसे नुकसान हो रहा है, जिन लोगों ने दिल्ली को नुकसान पहुंचाया - यह उनका नुकसान है। संदीप दीक्षित ने कहा कि अभी तक ऐसा लगता है कि वे (बीजेपी) सरकार बनाएंगे, हमने मुद्दे उठाए लेकिन मुझे लगता है कि लोगों ने सोचा कि हम सरकार नहीं बनाने जा रहे हैं, हम लोगों के फैसले को स्वीकार करते हैं।

स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक संजय शर्मा द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। महाराष्ट्र कार्यालय :- 2 जी, कृष्णा कुटीर सागरिका CHS जुहू तारा रोड जुहू- मुंबई- 400049। संपादक - संजय शर्मा, विधि सलाहकार : सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, वित्तीय सलाहकार : संदीप बंसल, कार्टूनिस्ट : हसन जैदी, दूरभाष : 0522- 4078371 । Email : daily4pm@gmail.com । website: www.4pm.co.in । RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।